Title: Need to provide special financial package to the Government of Maharashtra to assist farmers of the State particularly in Bhiwandi Parliamentary Constituency.

श्री सुरेश काशीनाथ तवारे (भिवन्डी): मेरे संसदीय क्षेत्र भिवंडी एवं महाराष्ट्र में किसानों को पर्याप्त सब्सिडी नहीं मिलने के कारण किसानों की हालत चिन्ताजनक है। आजादी के 63 वर्ष बीतने के बाद भी किसानों की हालत में जितना सुधार होना चाहिए था, नहीं हो पाया है। किसान लगातार कर्ज में डूबते जा रहे हैं। किसानों के खेती करने की जरूरत की चीजें खाद, बीज, डीजल, कीटनाशक दवाएं, खेती का सामान ट्रैक्टर, औजार आदि सामानों के मूल्यों में लगातार वृद्धि जारी है। राज्य सरकार द्वारा सहायता प्रदान की जा रही है। लेकिन केन्द्रीय सरकार से भरपूर मदद की आवश्यकता है। इसीलिए महाराष्ट्र राज्य को किसानों के हित में विशेष पैकेज दिए जाने की आवश्यकता है।

अतएव केन्द्र सरकार से मांग है कि मेरे संसदीय क्षेत्र भिवंडी एवं पूरे महाराष्ट्र राज्य के किसानों के हित में महाराष्ट्र राज्य को विशेष पैकेज दिए जाएं और बिजली, डीजल, खाद, बीज, कीटनाशक दवाएं, ट्रैक्टर आदि में 50 प्रतिशत सब्सिडी प्रदान की जाए।